NJ-1105

B.A. (Part-III) Examination, Mar.-Apr., 2023

HINDI LITERATURE

Paper - I

[जनपदीय भाषा-साहित्य (छत्तीसगढ़ी)]

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

Q. 1. निम्नलिखित पद्यांशों/गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **21**

(क) नैनन आगे ख्याल घनेरा।

जोहि कारन जग डौलत भरमै, सो साहेब घट लीन्ह बसेरा।

का संझा का प्रात सबेरा, जहं देखूं तहं साहेब मेरा।

अरथ-उरथ बिच लगन लगी है, साहेब घट मं कर लीन डेरा।

साहेब कबीर एक माला दीन्हा, धरमदास घट ही बिच फेरा।

अथवा

सही मं दशहरा आज भगवान राम के राक्षसी रावण ऊपर अलौकिक बिजय के यादगार मं मनाय जाथय। येखर दस दिन पहिली अऊ कोनो-कोनो एक महीना आघू ले रामलीला सुरू होजय। ये लीला महात्मा तुलसीदास के 'रामचरित मानस' के आधार मं खेले जाथय। ये लीला मं राम के जीवन के जमो उतार चढ़ाव के जिन्दगानी के लीला करथय।

(ख) "बिन आदर के पहुना

बिन आदर घर जाय।

गोड़ धोय परछी मं बइठै

सूरा बरोबर खाय।"

अथवा

"अइहन बइद परानघातिका।"

"चलनी मं दूध दूहै करम ल दोस देय।"

(ग) दू हाथ बढ़ाये आघू, हो जाथे जम्मो काज रे।

बूता सुरू हो जाथे, जब ले लेथस अनताज रे।।

जांगर पेरे तौ भूइयाँ म अनपूरना के राज रे।

माटी सोन्ना होही, पछीना चुचवाही आज रे।।

देंह जुड़ाही झटकुन, परिही जब जोरहा घाम रे।।

अथवा

छै बित्ता के मनखे देखौ, का का जिनिस बिसा लेथे।

आगी पानी पवन अकासा, भुंइया तको नंगा लेथे।।

Q. 2. संत धर्मदास का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके पदों की विशेषताएँ लिखिए। **12**

अथवा

लखनलाल गुप्त रचित 'सोनपान' निबंध का सारांश लिखते हुए उसके उद्देश्य पर एक निबंध लिखिए।

Q. 3. 'सीख-सीख के गोठ' पाठ का उद्देश्य एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

छत्तीसगढ़ी भाषा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : **3×5=15**

(i) पं. सुंदरलाल शर्मा का साहित्यिक परिचय।

(ii) रामचंद्र देशमुख का व्यक्तित्व।

(iii) 'देवार डेरा' का सामाजिक पहलू।

(iv) कपिल नाथ कश्यप का रचना संसार।

(v) विनय कुमार पाठक का साहित्यिक योगदान।

(vi) मुकुंद कौशल के ग़ज़लों का भावपक्ष।

(vii) विजयादशमी का सामाजिक महत्व।

Q. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के क्रमानुसार पूरे वाक्य में उत्तर दीजिए : **1×15=15**

(i) 'अलकरहा' शब्द का हिन्दी रूप लिखिए।

(ii) धर्मदास के गुरु कौन थे ?

(iii) 'लइका' शब्द का बहुवचन लिखिए।

(iv) 'छत्तीसगढ़ी दानलीला' के रचनाकार कौन हैं ?

(v) 'बघवा' शब्द का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।

(vi) 'पंडरा' शब्द का हिन्दी रूप लिखिए।

(vii) लखनलाल गुप्त का जन्म-स्थान लिखिए।

(viii) 'तुतारी-हल' का किस कार्य में प्रयोग करते हैं ?

(ix) 'हिजगा-पारी' में कौन-सा समास है ?

(x) 'सोनपान' किसका प्रतीक है ?

(xi) 'निवछावर' शब्द का हिन्दी रूप लिखिए।

(xii) 'एक रुख एकेच साखा' काव्य है या जीवनी ?

(xiii) 'ग़ज़ल' मूलतः किस भाषा का काव्य प्रकार है ?

(xiv) छत्तीसगढ़ी में 'परब' शब्द का हिन्दी रूप ज्ञात कीजिए।

(xv) संत धर्मदास का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(xvi) 'मछरी' शब्द का हिन्दी रूप क्या है ?

(xvii) 'श्रीराम कथा' के लेखक का नाम बताइए।

(xviii) लोकोक्तियों को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं ?

(xix) ''झटकुन'' का हिन्दी रूप लिखिए।